हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025

04 नगर में निकलीं दो राम बारात में उमड़ा आस्था का...



07 भारत स्काउट-गाइड के जंबूरी लखनऊ में विदिशा...





## खबर संक्षेप

### 67 मरीज ऑपरेशन के लिए सेवा सदन भेजे

**विदिशा।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ एवं रोटरी ग्रेटर के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया गया। इस शिविर में 112 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। 67 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सेवा सदन हॉस्पिटल भेजा गया। 45 मरीजों को चस्मा पहनने की सलाह दी गयी। इस मौके पर राज अरोरा, व्हीपी सिंग, भास्कर राव कंपूवाले, रविन्द्र जैन, डा.अनुज दुबे और सदन से आए डॉक्टर हितेश निचलानी एवं प्रमिला अहिरवार श्रष्टी ताम्रकार, रविंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे।

### विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**विदिशा।** विधायक ने मंगलवार को नगरपालिका परिसर में जनसुनवाई की। सुनवाई के दौरान विभिन्न समस्याओं के 22 आवेदन प्राप्त हुए। कुछ हितग्राहियों द्वारा मौखिक भी समस्याएं बताईं। विधायक ने उनको हल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आउट सोर्स के 6 कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि तीन महीने से वेतन नहीं मिला। विधायक द्वारा स्वास्थ्य शाखा को वेतन देने के निर्देश दिए।

### कई मांगों को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

**विदिशा।** विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को शासकीय विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था, प्राचार्य एवं शिक्षकों के समय पर उपस्थित होने, क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत, कक्षाओं में करंट आने की समस्या दूर करने, साफ–सफाई सुनिश्चित कराने तथा सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत की मांग की गई। साथ ही खेल सामग्री उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। नगर मंत्री मोहित विश्वकर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण आवश्यक है।

### श्रीवास्तव व लोधी निर्णायक बनेंगे

**विदिशा।** मानस श्रीवास्तव और ध्रुव लोधी एक बार फिर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे।





स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में स्कूल शिक्षा विभाग, अरुणाचल प्रदेश द्वारा 69वीं शालेय राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 25 नवंबर से 2 दिसंबर तक ईटानगर में किया जा रहा है। मप्र ताइक्वांडो एसोसिएशन के नेशनल रेफरी मानस और ध्रुव पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक रह चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कोच दिलीप थापा, जिला सचिव विकास थापा सहित विद्यालय एवं एसोसिएशन ने बधाई दी है।

## हादसा: सरकारी फ्लैट में रहती थीं नायब तहसीलदार, पुलिस ने राजस्व परिसर किया सील

# रात में आधा घंटे पिता से हुई थी कविता की बात, जरा थी परेशानी या दवाब में नहीं थीं

*सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक नायब तहसीलदार की अपने फ्लैट की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस जांच में जुट गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

राजस्व परिसर में अधिकारियों के लिए बनाए गए शासकीय भवन की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर इंदौर के नंदानगर निवासी नायब तहसीलदार कविता कड़ेला की मौत हो गई। वह छह माह से विदिशा में पदस्थ थीं। पुलिस ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया।

पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक कविता कड़ेला अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल स्थित अपने फ्लेट की बालकनी में थीं, तभी अचानक नीचे गिर गईं। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया था। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य



विदिशा। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे नायब तहसीलदार के माता–पिता का रो–रोकर बुरा हाल था।

### रात को आधा घंटे की थी पिता से बात

कविता ने रात को अपने पिता से करीब आधा घंटे बात की थी। नायब तहसीलदार करीब छह कलेक्टर के साथ काम कर चुकी थीं। पिता के मुताबिक बात करने के दौरान बेटी जरा भी दवाब या परेशानी में समझ नहीं आ रही थी। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है।

अधिकारी अस्पताल व घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने राजस्व परिसर को सील कर निरीक्षण शुरू किया है। छत के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मिले संभावित निशानों की बारीकी से जांच की जा रही है।

## बालाजी मंदिर में श्रद्धालु महिलाओं के गले से सोने चांदी के आभूषण चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

# सोशल मीडिया पर देखते थे कहां हो रहा आयोजन, चोरी करने के बाद राज्य बदलकर छिप जाता था गिरोह

पकड़े गए चोरों पर उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी पुराने आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

किलेअंदर स्थित बालाजी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र गायब करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा।

पुलिस ने आरोपियों से 15 लाख रुपए मूल्य का माल, नकदी तथा चोरी की वारदात में प्रयोग की गई अर्टिका कार जब्त की है। पुलिस ने करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 150 से अधिक लोगों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचना पर उत्तरप्रदेश के गिरोह की पहचान कर दबोचा गया।

### धार्मिक आयोजन, मेलों को बनाते थे निशाना

चोर गिरोह के खिलाफ उत्तरप्रदेश व राजस्थान में भी पुराने आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से 1.15 लाख रुपए नकद, चार सोने के मंगलसूत्र, एक चैन और कार बरामद की है। यह गिरोह टीवी, यूट्यूब और सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसे स्थानों की जानकारी जुटाते थे जहां भारी भीड़ रहती है। मंदिर, मेले और धार्मिक आयोजनों में यह गिरोह महिलाओं के गले से सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लेता था और राज्य बदलकर अपने ठिकानों में छिप जाते थे।

गिरोह के सदस्यों ने 31 अक्टूबर को मंदिर में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के मंगलसूत्र और चैन चोरी की गई थीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिलावर पातरे, संगीता पातरे, अशोक कोरी, विद्या उर्फ कंचन हटागले और नीलम हटागले के रूप में हुई है।

### अब तक 72.15% लक्ष्य पूरा किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अब तक 72.15 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिलेभर में तैनात 1347 बीएलओ के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे गणना फॉर्म (ईएफ) के वितरण से लेकर डिजिटाइजेशन तक हर स्तर पर संतोषजनक प्रगति दर्ज हुई है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन ने बताया कि मंगलवार की शाम 6 बजे तक जिले के 72.15 प्रतिशत मतदाताओंमें इम्युरेशन फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों मंगलवार शाम 6 बजे तक सबसे ज्यादा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद में 76.26% विदिशा में सबसे कम 64.79% प्रतिशत, बासौदा में 72.74 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 कुरवाई में 76.10 प्रतिशत और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 147 सिरोंज में 72.98 प्रतिशत इम्युरेशन फॉर्म डिजिटाइज कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

## छह साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाले सलमान को फांसी दो



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

- आईएएस द्वारा की गई टिप्पणी पर भी जताया विरोध।

गोहरगंज में 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी सलमान को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए मंगलवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद के जिलाध्यक्ष वागीश मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं अजाक्स संगठन प्रदेशाध्यक्ष आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी करने पर कार्रवाई की मांग की गई।

इस दौरान शशांक भार्गव, मनोज कटारे, मानवेंद्र शर्मा, प्रशांत शर्मा, संजय पुरोहित, रविकांत शर्मा, विजय दीक्षित, विवेक शर्मा, गट्टू तिवारी, हेमंत पंडित आदि मौजूद रहे। अजाक्स प्रदेशाध्यक्ष आईएएस एसके वर्मा के ब्राह्मण समाज पर दिए आपत्तिजनक बयान की मानव अधिकार संरक्षण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत और पूर्व जिपं सदस्य सुभाषिनी बोहत ने निंदा की है।

### तीन जगह कार्रवाई कर पुलिस ने डीजे जब्त किए



**विदिशा।** जिलेभर में डीजे संचालन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन और कोतवाली पुलिस ने तीन स्थानों पर कार्रवाई की। 23 नवंबर की रात सिविल लाइन क्षेत्र में अभिनंदन गार्डन के पास तेज आवाज में बज रहे डीजे को जब्त किया गया। वहीं 24 नवंबर को कोतवाली क्षेत्र के शहनाई गार्डन में अवैध डीजे संचालन पर मामला दर्ज कर आरोपी सोनू मीणा और महेंद्र पीतलिया के खिलाफ मामला दर्ज कर डीजे जब्त किया।

### आईएएस के बयान की निंदा, कार्रवाई की मांग

**विदिशा।** अजाक्स संगठन के नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा सवर्ण समाज की बेटियों को लेकर दिए विवादित बयान को मंत्रालय सेवा अधिकारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने घोर आपत्तिजनक और सवर्ण समाज का अपमान बताया है। नायक ने कहा कि विवाह व्यक्तिगत निर्णय है, किसी भी वर्ग की बेटियों को 'दान' जैसी संज्ञा देना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आईएएस जैसी जिम्मेदार सेवा में बैठे व्यक्ति द्वारा ऐसे बयान देना दोनों वर्गों के बीच खाई को गहरा करता है, जो समाजहित में नहीं है। नायक ने आईएएस आचरण नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे विचार रखने वाला व्यक्ति संगठन को प्रांतीय अध्यक्ष नहीं होना चाहिए।

## सीआईआईटी कॉलेज में फाइन आर्ट और फैशन डिजाइन प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सीआईआईटी कॉलेज में फैशन डिजाइन और फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भारत की सांस्कृतिक झलकियों को शानदार पेंटिंग्स व आकर्षक परिधानों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

फाइन आर्ट्स के छात्रों की पेंटिंग्स में मानवी ने प्रथम तथा मयंक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फैशन डिजाइन श्रेणी में ज्योति लोधी, प्रियांशी साहू, साक्षी सेन, संजना साहू, अंजलि और खुशी को पुरस्कार मिले। प्रदर्शनी का उद्घाटन टीटी जैन स्कूल के प्राचार्य द्वारा किया गया। विशिष्ट




अतिथि के रूप में मृदु बाला प्रधान, हुकुमचंद सूर्यवंशी और ऋषिकेश शर्मा उपस्थित रहे। अतिथि कुसुम तोमर ने प्रदर्शित कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के लाभ बताए। अंत में संस्था की प्राचार्या ने सभी अतिथियों और छात्रों का आभार व्यक्त किया।

### आठ पदकों के साथ ओलंपस हाई की बेटियों ने लहराया परचम

**विदिशा।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगता में ओलम्पस हाई की 7 होनहार बेटियों ने प्रतियोगिताओं में 8 पदक अपने नाम किए। स्कूल प्राचार्या प्रियंका सिंह ने बताया कि वैष्णवी कुशवाह ने ट्रायथलोन में स्वर्ण, राशि दांगी ने लॉन्ग जम्प में स्वर्ण, लायबा रिजबी ने ट्रायथलोन में रजत, उत्सवी किरार ने 600 मीटर दौड़ में रजत, नियति लोधी ने लॉन्ग जम्प में रजत और 60 मीटर दौड़ में कांस्य, मिनी दांगी ने लॉन्ग जम्प में कांस्य और हर्षिता यादव ने ट्रायथलोन में कांस्य पदक जीता। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी व डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## एसएटीआई में 1975 बैच के पूर्व छात्रों का हुआ मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसएटीआई में 1975 बैच के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व छात्रों का अलुमनाई मीट आयोजित की गई। वर्षों बाद अपने संस्थान लौटे वरिष्ठ पूर्व छात्रों का स्वागत प्रथम वर्ष साइबर सिक्योरिटी की छात्रा सेजल जिरापुरे और आईटी अंतिम वर्ष के छात्र गौरव विरुरकर ने पारंपरिक तिलक लगाकर किया।

स्मार्ट क्लासरूम में निदेशक डॉ. वायके जैन ने एसएटीआई की शैक्षणिक उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति और विद्यार्थियों के लिए



उपलब्ध संसाधनों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान की असली शक्ति उसके पूर्व छात्र हैं। महाराजा जीवाजीराव एजुकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर ने संदेश भेजकर सभी पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया। अनुभव-साझा सत्र में वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने अनुशासित और गंभीर अध्ययन के अपने समय को याद किया। पूर्व छात्र अजय कुमार ने भावुक होकर कहा कि इस कॉलेज ने हमें मिट्टी से सोना बना दिया। पूर्व छात्रों ने प्रयोगशालाओं, आधुनिक कंप्यूटर लैब, वीवी नातू कंप्यूटर सेंटर, खेल परिसर, वर्कशॉप और हॉस्टल का निरीक्षण किया। होस्टल के पुराने कमरों में पहुंचते ही कई पूर्व छात्र भावुक हो उठे और अपने छात्र जीवन की यादें साझा कीं।

समन्वयक और दुबई स्थित उद्योगपति दीपक माथुर के निर्देशन में आयोजित इस अलुमनाई मीट में देश-विदेश के अनेक शहरों से पूर्व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व छात्र एमएन पारीख ने संस्थान की प्रगति हेतु एक सम्मानजनक राशि ऑनलाइन भेंट की।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-5200
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-8000
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5225
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6290
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5730
मक्का
न्यूनतम भाव-935
उच्चतम भाव- 1560
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3101
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3360
गेंहू
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-3100
धनिया
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव- 7800
ज्वार
न्यूनतम भाव-2910
उच्चतम भाव-4840
बटरी
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3190

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 39574 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### डॉ. विनीत तिवारी को योग में पीएचडी



**गंजबासौदा।** भोपाल की एक निजी यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्व योग संसद के संस्थापक अध्यक्ष एवं विश्व योग विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. विनीत कुमार तिवारी को योग विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की। डॉ. विनीत कुमार तिवारी देश के प्रथम शोधार्थी हैं जिन्होंने आध्यात्मिक आनंद प्राप्ति में योग की भूमिका विषय पर सफलतापूर्वक पीएचडी पूरी की है। उल्लेखनीय है कि डॉ. विनीत कुमार तिवारी योग एलाइंस अमेरिका द्वारा प्रमाणित अंतर्राष्ट्रीय योग शिक्षक एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित योग वेलनेस एक्सपर्ट हैं। उन्हें वर्ष 2025 में उन्हें महात्मा गांधी ग्लोबल पीस फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया जाकर ग्लोबल पीस एंबेसडर बनाया गया है।

## मिथिला का कण-कण खिला...जमाई राजा राम मिला

# नगर में निकलीं दो राम बारात में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









मंगलवार को नगर में चहुंऔर मंगल ही मंगल दिखाई दिया, भक्ति, आस्था और श्रद्धा के सैलाब से पूरा शहर राममय था। सड़कें पंखुड़ियां से बिछी थीं, ऊंट नाच रहे थे, किन्नर बधाई गा रहे थे तो दिल-दिल घोडी अपने अनूठे नृत्य से दिल जीत रही थी, हनुमान जी, राधा कृष्ण के रूप में कलाकार राम भक्ति में झूम रहे थे तो गोरिल्ला अपनी और भाव भंगिमा से बारातियों को आनंदित कर रहा था। मौका था विवाह पंचमी पर नगर में निकली चक्रवर्ती भगवान सियाराम जी की भव्य और अलौकिक ऐतिहासिक बारात का जिसने ऐसा दिव्य अनुभव दिया मानो त्रेतायुग की संस्कृति और परंपराएं नगर में लौट आई हों। मन को आनंदित और नेत्रों को सुख प्रदान करने वाला यह दृश्य मंगलवार को विवाह पंचमी के मौके पर नगर में निकलीं दो राम बारात में देखने मिला।

रामरस धारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज एवं बालाजी हनुमान मंदिर हतोड़ा के प्रमुख राजा महाराजा द्वारा राम बारात का आयोजन किया गया था। स्टेशन से निकली एक बारात का समापन गांधी चौक पर हुआ जबकि दूसरी बारात का समापन बरेठ रोड से होते हुए बालाजी मंदिर हतोड़ा में हुआ। दोनों बरातों में नगर के जनप्रतिनिधियों के अलावा धार्मिक, सामाजिक,व्यापारिक, राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

नगर के हर चौक-चौराहे पर सनातन प्रेमियों ने बारात का स्वागत ऐसे किया मानो वास्तव में जमाई राजा राम मिथिला पहुँचे हों। महिलाओं ने कुमकुम की थाली सजाई, बच्चों ने पुष्प की डलियाँ उठाईं और श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर कतारबद्ध होकर बारात पर पुष्प-वर्षा करते दिखाई दिए। डीजे, बैंड के साथ तीन दर्जन से अधिक रथों के साथ करीब 2 किलोमीटर लंबी राम बारात में पगड़ी बांधे बाराती अयोध्या की परंपरा को जीवित कर रहे थे तो बारातियों का स्वागत विनम्रता, सहजता और सरलता के भाव से पुष्प वर्षा, शरबत पिलाकर शहर मिथिला की परंपरा को निभा रहा था। स्वागत, सत्कार से जनकपुर मिथिला के कण–कण की तरह हर्षित हो रहा नगर का हर कोना, सड़कें, आकाश भक्ति-रस से सराबोर नगर अयोध्या-मिथिला की दिव्य परंपराओं और उत्सव से आलोकित हो उठा। सड़कें, फूलों की पंखुड़ियों से सज गईं, छतों से पुष्प-वर्षा होने लगी और मिथिला वासियों की तरह नगर ने पलक-पांवड़े बिछाकर बारात का ऐतिहासिक स्वागत किया। बारात में साथ चल रहे दशरथ की भूमिका में हरी प्रीति नेमा और जनक की भूमिका में सुशील नीतू सुहाने भक्ति में भाव विभोर होकर आनंदित थे। बारात में वशिष्ठ जी की भूमिका में रामदेव द्वारकाधीश मंदिर शमशाबाद के पीठाधीश्वर पंडित गौरीशंकर तेनगुरिया, पंडित अरविंद विश्वामित्र की भूमिका में रथ पर विराजमान थे। क्षेत्र के कई आश्रमों के संत-महंत शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाते साथ चल रहे थे। भगवत चिंतन सेवा समिति के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय भागवताचार्य पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री तथा राम रस धारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज जनक रूप में बारात के अग्रभाग में रहे। राम–लक्ष्मण–भरत–शत्रुघ्न चार भैया भव्य रथों पर सवार थे, तो दूसरी ओर मिथिला परंपरा का जीवंत रूप लिए चारों बहनें दुल्हन रूप में रथों पर विराजमान थीं। इन झांकियों ने सिया-राम विवाह की वैदिक परंपरा को जीवंत कर दिया। बारात में श्री सीताराम संकीर्तन पीठ की चरण पादुकाएं, जबलपुर से आए कलाकारों ने शिव-पार्वती, शबरी, राधा–कृष्ण झांकियाँ, देवास के नाचते ऊँट, बीना के ढोल और दर्जनों आकर्षक प्रस्तुति शामिल रहीं। डीजे-बैंड, अखाड़ों की टंकार और भजन कीर्तन मंडलियों के साथ वैदिक मंगल ध्वनियों से पूरा वातावरण दिव्य हो उठा। बारात में भीड़ उल्लास में थी, पर अनुशासन और श्रद्धा से ओत प्रोत दिखाई दी। अयोध्या के पारंपरिक चिन्हों और घोड़ सवार धर्म ध्वजा लिए बारात में आगे आगे थे। स्टेशन से राम जी की बारात किन्नरों की बधाई नृत्य के साथ गांधी चौक मिथिला के लिए रवाना हुई। नगर ने राम जी की बारात का ऐसा स्वागत किया मानो ह्रदय खोलकर अपनी राम भक्ति का समर्पण कर दिया हो। स्वागत से बारात कई मिनटों तक थम गई। स्वागत और पुष्प वर्षा ऐसी हुई कि रास्ते जाम हो गए। किन्नर समाज ने पारंपरिक नृत्य और बधाई देकर बारात को शुभाशीष दिया। उनकी मंगल ध्वनियों से वातावरण गूंज उठा। स्टेशन से प्रारंभ हुई बारात नेहरू चौक, अंबेडकर चौक,जय स्तंभ चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक, सिरोंज चौराहा होते हुए मिथिला गांधी चौक पहुंची। हजारों की संख्या में बारातियों की उपस्थिति ने रास्ते में कई स्थानों पर जाम लगने से पुलिस को व्यवस्था संभालने में पसीना आ गया। उधर दूसरी बारात भी बरेठ रोड होते हुए हतौडा मंदिर पर पहुंची।


## ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अयोध्या के राम मंदिर में ध्वज स्थापना के पावन अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 5 मे बिजासन माता मंदिर पर बिजासन मातृशक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में पंडित सुनील शास्त्री एवं मंदिर के स्थापक अमर सिंह कुशवाहा के सानिध्य में मंदिर के शिखर पर ध्वज स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पंडित सुनील शास्त्री द्वारा भगवान के समक्ष पूजन अर्चन कर ढोल ढमाकों के साथ मंदिर के शिखर पर ध्वज की स्थापना कराई गई। कार्यक्रम में महिला मंडल समूह की मंजुलता भावसार, शशि रघुवंशी एवं अन्य महिलाओं सहित ऋषभ यादव, महेंद्र विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम कुशवाहा जगदीश साहू आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## हनुमान चालीसा पाठ का 104वां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत एवं युवाओं को धर्म, आध्यात्म से जोड़ने के इस अनूठे अभियान के तहत हनुमान चालीसा पाठ का 104 वां चरण शनिवार को शिव मंदिर, शांति नगर कॉलोनी, त्योंदा रोड पर बड़े ही भक्तिमय, शांत और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोहल्ले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हिंदू वीर, युवा वर्ग, बुजुर्ग, महिलाएं तथा बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। ढोल-मंजीरों की ध्वनि, मंत्रोच्चार और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से पूरे क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत माहौल बना रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सात बार किया गया सामूहिक हनुमान चालीसा वाचन रहा, जिसमें पूरे परिसर में "बजरंग बली की जय" के जयकारे गूंजते रहे। वाचन के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा भव्य आरती की गई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि "हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा प्रारंभ किया गया यह पवित्र अभियान आज दो वर्ष पूर्ण कर चुका है। नियमित रूप से बिना किसी व्यवधान के 104 सप्ताह से अधिक समय से हर शनिवार अलग-अलग मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना, युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। यह कार्य आगे भी अनवरत जारी रहेगा।"समिति के अन्य सदस्यों व हिंदू वीरों ने भी अपने कर्तव्य भाव के साथ कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई और आने वाले आयोजनों के लिए उत्साह व्यक्त किया। इस धार्मिक आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर क्षेत्रवासियों ने समिति के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की कामना की।

## अलग-अलग स्थानों से तीन बाइक चोरी

**गंजबासौदा।** नगर में मंगलवार को अलग अलग स्थानों से बाइक चोरी के मामले सामने आए हैं। रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित एसबीआई बैंक के बाहर से एक बाइक चोरी हो गई। ग्राम डायला निवासी रमेश रघुवंशी की स्टार सिटी प्लस बाइक क्रमांक MP 40 5395 दोपहर लगभग 1 बजे बैंक के बाहर से चुराई गई। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक युवक बाइक ले जाते हुए दिख रहा है। पीड़ित ने शहर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, एक युवक मुंह पर मास्क लगाकर आया और बिना किसी डर के बाइक का लॉक खोला। उसने संभवतः मास्टर चाबी या किसी अन्य चाबी का इस्तेमाल किया। इसके बाद वह बाइक लेकर चला गया। रमेश रघुवंशी ने बताया कि वे अपनी बाइक बैंक के बाहर खड़ी कर बैंक के अंदर अपने काम के लिए गए थे। जब वे कुछ देर बाद वापस लौटे, तो उनकी बाइक वहां नहीं मिली। आसपास तलाश करने पर भी जब बाइक नहीं मिली, तो उन्होंने पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिससे चोरी का पता चला। वहीं शीतला शक्तिधाम मंदिर परिसर से एमपी 05 एमएफ 6907 एवं एक अन्य बाइक अज्ञात चोर चुराकर ले गए। नगर में आए दिन चोरी हो रही बाइकों से वाहन चालकों में भय का माहौल व्याप्त है। वाहन चालक चौक, कहीं भी अपनी बाइक खड़ी करने से कतरा रहे हैं।

## वार्ड 15 के रहवासियों ने दिया आवेदन



**गंजबासौदा।** मंगलवार को देवेन्द्र केवट के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 15 के रहवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष के नाम एक आवेदन दिया। वार्ड में WBM का कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने की मांग की गई। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 15 में घोड़ा पीर बाबा वाली गली से लेकर कोट वाला क्षेत्र तक WBM एवं सीसी रोड निर्माण कार्य मंजूर है। निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया था परंतु वर्षा के कारण इसे रोक दिया गया। लगभग पाँच माह से कार्य पूर्णतः बंद पड़ा हुआ है। मिर्जापुर तथा धोबी वाली गली की नालियों का पानी घरों के आसपास जमा हो रहा है, जिससे साँप एवं अन्य जहरीले जीव पनप रहे हैं। गंदगी, मच्छरों एवं कूड़ा-करकट के कारण प्रदूषण एवं बीमारियाँ बढ़ रही हैं। नालियों की सफाई लम्बे समय से न होने के कारण वार्डवासियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में वार्ड पार्षद को कई बार अवगत कराया गया, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। वार्डवासियों ने नपा से शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराए जाने की मांग की है।

## एक सूत्रीय मांग को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शासकीय शिक्षक संगठन ने मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर कालाबाग धर्मकांटा के पास पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरिसिंह रघुवंशी का स्वागत किया। इस अवसर पर एक सूत्रीय मांग के तहत गुरुजी, अध्यापक संवर्ग, नवनियुक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं अन्य लाभ प्रदान करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन मे कहा गया है गुरुजी, अध्यापक संवर्ग एवं नव नियुक्ति शिक्षकों कि विगत कई वर्षो से प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग लंबित है। शीघ्र इस मांग को पूरा करने का आदेश जारी कर सैकड़ो शिक्षक साथियों की जायज मांग पूरी करें। इस अवसर पर संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी, ओमप्रकाश रघुवंशी, बाबू सिंह ठाकुर, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अभिषेक माथुर, भगवती प्रसाद सक्सैना, रामबाबू रघुवंशी, रामराज दांगी, अरूण पांडे ,शमशीर अली नकवी, भगवानदास पंथी, संजय अहिरवार, एलआर अहिरवार, अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया, किरण चौरसिया, भारती शर्मा ,पूनम भाटिया, रूकमणी अहिरवार, नारायण, निर्भय सिंह, भंवर सिंह, शिवमंगल, अनिल श्रीवास, जितेन्द्र नामदेव, सौदान सिंह, नारायण सेन सहित सैकडों शिक्षक उपस्थित थे।

### रामदेव दरबार में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का हो रहा आयोजन

# भगवान की कथा सभी समस्याओं का समाधान है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्री रामचरितमानस ऐसा ग्रंथ है जिसमें सभी समस्याओं का समाधान है। कथा में आपकी जितनी श्रद्धा होगी उतना ही फल आपको मिलेगा। जो भगवान की कथा से जुड़ गया, वह जीवन जीने की कला सीख सिखाते हुए भव से पर हो गया। जिसके जीवन में परंपरा है, उसी का जीवन संस्कारों से पुष्ट होता है। जिस परिवार में पाँच पीढ़ियों तक परंपरा की स्मृति जीवित हो, वही वास्तव में श्रेष्ठ है। कथा सुनना और सुनाना भी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। भगवान की कथा पाँच प्रकार से सुनी जाती है। ज्ञान से, बुद्धि से, तर्क से, भावना और भक्ति से। उक्त उद्गार राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव जी मंदिर में मंगलवार से प्रारंभ हुई नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के शुभारंभ मौके पर विश्वविख्यात रामकथाकार प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज ने व्यक्त किए। ज्ञात हो कि राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव दरबार परिसर में आयोजित विभिन्न देव विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा, श्री रुद्र महायज्ञ के निमित्त नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा का आयोजन हो रहा है। श्रीरामकथा के शुभारंभ पर पूज्य महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में ऋषि परंपरा, कुल परंपरा और लोक परंपरा सदैव प्रधान रही है। संसार कौन क्या गलत कर रहा है, यह सोचने का विषय नहीं। चिंतन इस बात का होना चाहिए कि हम उच्चतम क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने राम चरितमानस में सभी सभी ग्रन्थों का सार एक ही ग्रंथ में निचोड़कर रख दिया है। "शयदि कोई इस रस का पान करना चाहे तो मार्ग अत्यंत सरल है कथा श्रवण। सत्संग में चुपचाप बैठ जाएँ रामचरण अनुराग स्वतः प्राप्त होता है। महाराज ने कहा कि परंपरा ऊपर से नीचे की ओर बहती है। यदि हम नई पीढ़ी में संस्कार अंकुरित करना चाहते हैं तो शुरुआत स्वयं हमें करनी होगी।

तीसरी पीढ़ी आने से पहले यदि घर में रोज़ रामचरित मानस पाठ की परंपरा शुरू कर दी जाए, तो बच्चों में स्वतः ही संस्कारों का प्रस्फुटन होने लगता है। कथा के मुख्य यजमान अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री, धाम के प्रधान सेवक श्याम भैया, शरद पाठक, गगन दुबे, भारत सिंह यादव, अमित सिंह सहित अनेक भक्तों ने व्यासपीठ पूजन व आरती में सहभागिता की। पूज्य महाराज के सुमधुर भजनों ने सभा को भावविभोर कर दिया। श्रीराम कथा सुनने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगण झूमते, हरिभक्ति रस में डूबे दिखाई दिए।

### गौर ने तीन रजत पदक जीते



**गंजबासौदा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा एवं रीवा मास्टर्स एसोसिएशन द्वारा अयोजित 11 वी अंतर जिला मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक मीट 2025 का अयोजन 23 नवंबर 2025 को रीवा में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, विदिशा जिला के गंजबासौदा से राजेंद्र सिंह गौर ने भाला फेंक, छक्का फेंक व हेमर फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर तीन रजत पदक जीतकर नगर का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रहे।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ,आज से होंगे अभिभाषक संघ चुनाव में नामांकन जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



अभिभाषक संघ की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट आकाश कुर्मी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि 299 अभिभाषक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 26 नवंबर बुधवार से नामांकन जमा होंगे 28 नवंबर तक नामांकन जमा किए जाएंगे। इसका समय भी दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक नवीन न्यायालय भवन में रखा गया है। शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक पुराने न्यायालय भवन में नामांकन फार्म जमा होंगे। नामांकन फार्म की जांच 29 नवंबर को होगी जिसके बाद नामांकन फार्म वापसी 1 दिसंबर एवं 2 दिसंबर की जा सकती है। इसका समय भी दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक नवीन न्यायालय भवन अथवा शाम 4:30 से 5:30 तक पुराने न्यायालय भवन में रखा गया है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 3 दिसंबर को किया जाएगा। पोस्टल मतदान 16 एवं 17 दिसंबर को होगा। 19 दिसंबर को अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए मतदान पुराने तहसील भवन के पास स्थित अभिभाषक संघ कार्यालय में प्रातः 9:30 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा ।इसके बाद मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिन प्रत्याशियो की ओर से नियत समयावधि मे अपना नामांकन फार्म वापिस लिया जाता है, वह स्वयं रसीद प्रस्तुत कर अपनी अमानत राशि प्राप्त करने के अधिकारी होंगे। प्रस्तावक को राशि वापिस नही दी जावेगी। निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की अमानत राशि वापिसी योग्य नही होगी। किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन अधिकारियों का निर्णय अंतिम होगा।

### यूपी सीएम आदित्यनाथ योगी एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल उपस्थित रहे

# भारत स्काउट-गाइड के जंबूरी लखनऊ में विदिशा ने फिर से परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय गोल्डन जुबली जम्बूरी का रंगारंग उद्घाटन। 24 नवंबर 25 को भारत स्काउट एवं गाइड की 19वीं गोल्डन जुबली जम्बूरी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने किया, उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउट गाइड संस्था बालकों में नैतिक शारीरिक चारित्रिक विकास करने के साथ साथ उन्हें पृकृति से जुड़ना सिखाती है और उनमें देशप्रेम की भावना जागृत करती है।

आनंदी बेन पटेल ने किया जम्बूरी में म.प्र. विदिषा जिले के स्काउट गाइड के मुख्य संगठक हरिहर चतुर्वेदी के नेतृत्व में पूरे देष में विदिषा जिले का पर्चम पहराया। उनकी नेतृत्व में की गई स्काउट की गतिविधियों की सभी ने सराहना की । इस जंबूरी में विदिशा जिले से 22 स्काउट 8 गाइड सहित पांच शिक्षक जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी, शमशाबाद से मोहम्मद हनीफ मंसूरी,डाल्फिन बासौदा से संदीप जैन, विदिशा से श्रीमती रेखा शर्मा और सिरोंज से श्रीमती फरहत उन्निशा भाग ले रही हैं, जिले के दल ने शानदार जिला गेट, लकड़ी डंडों से सोफासेट, मल्टीपरपज स्टैंड, बाल्टी स्टैंड,कपड़ा स्टैंड, लालटेन स्टैंड सहित जूता स्टैंड बनाकर अपने टैंट को चारों और से रस्सी डंडो से बाउंड्री बना कर सुरक्षित





किया है। एडवेंचर में भी विदिशा के स्काउट गाइड अपना हुनर दिखा रहे हैं। जिनमें रस्सी पर साइकिल चलाना,मंकी ब्रिज पर चलना, टायरों में से घुटनों के बल निकलना, टायरों की चिमनी में से ऊपर चढ़ना, झूलते पटिए पर बैलेंस बनाकर चलना इत्यादि शामिल हैं। झांकी एवं प्रदर्शनी, कैंप क्राफ्ट, गैजेट्स में भी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रस्तुति विदिशा जिले द्वारा दी गई।

जिला संगठक हरिहर प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा स्काउटिंग की आधिकारिक स्थापना ब्रिटिश भारत में 1909 में हुई थी, जिसकी शुरुआत सबसे पहले बैंगलोर के बिशप कॉटन बॉयज़ स्कूल से हुई थी। मूल भारतीयों के लिए स्काउटिंग की शुरुआत जस्टिस विवियन बोस , मदन मोहन , हृदयनाथ कुंजरू , गिरिजा शंकर बाजपेयी , एनी बेसेंट और जॉर्ज अरुंडेल ने 1913 में की थी। इससे पहले, स्काउटिंग केवल ब्रिटिश और विदेशी स्काउट्स के लिए ही उपलब्ध थी। 1916 में, एक क्यूब सेक्शन शुरू किया गया, जिसके बाद 1918 में रोवर सेक्शन शुरू किया गया।

भारत की आज़ादी के बाद के शुरुआती वर्षों में, जवाहरलाल नेहरू , मौलाना अबुल कलाम आज़ाद और मंगल दास पक्वासा जैसे प्रमुख राजनेताओं और स्काउट नेताओं ने भारत के स्काउट्स और गाइड्स को एकजुट करने का प्रयास किया। पहली सफलता 7 नवंबर 1950 को भारत में बॉय स्काउट्स एसोसिएशन और हिंदुस्तान स्काउट एसोसिएशन के विलय के रूप में भारत स्काउट्स और गाइड्स के रूप में हुई। लगभग एक साल बाद, 15 अगस्त 1951 को, ऑल इंडिया गर्ल गाइड्स एसोसिएशन इस नए संगठन में शामिल हो गया। स्काउटिंग का मिशन स्काउट वादा और कानून पर आधारित मूल्य प्रणाली के माध्यम से युवा लोगों की शिक्षा में योगदान करना है ताकि एक बेहतर दुनिया का निर्माण करने में मदद मिल सके जहां लोग व्यक्तिगत रूप से आत्म-संतुष्ट हों और समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकें। स्काउट और गाइड इकाइयाँ अलग-अलग हैं, हालाँकि उनमें जम्बूरी, रैलियाँ और सम्मेलन जैसी कुछ सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ भी होती हैं। स्काउटिंग कार्यक्रम में दिव्यांग लड़के और लड़कियाँ भी भाग लेते हैं। स्काउट प्रतीक में चौबीस तीलियों वाला एक चक्र शामिल है, जिसे अशोक चक्र के नाम से जाना जाता है, जो सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ से लिया गया है , जो भारत के ध्वज के हरे और केसरिया रंग में है ।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत एक पंजीकृत संस्था है। यह पूर्णतः स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष संगठन है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का राष्ट्रीय मुख्यालय 1963 तक रीगल बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली से संचालित होता था। उसके बाद, यह अपने स्वयं के भवन में स्थानांतरित हो गया और लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गांधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110002 से कार्यरत है। राष्ट्रीय मुख्यालय भवन का उद्घाटन वर्ष 1963 में भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने किया था। जिला संगठक ने अपनें कर्तव्य दिखाकर सबको हैरान कर दिया । जम्बूरी कार्यक्रम में म.प्र. के विदिषा जिले में अपना दब-दबा कायम रखा।

# सिरोंज थाना पुलिस ने गुम नाबालिग बालिका को तलाशकर किया दस्तयाब

### 2025 में अब तक 341 से अधिक बालक-बालिकाएं सुरक्षित मिले

**सिरोंज** । पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के निर्देशन में विदिशा पुलिस द्वारा संचालित "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत जिले में गुम एवं अपहत बालक-बालिकाओं तथा गुम व्यक्तियों की खोज कर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों से मिलवाया जा रहा है। विदिशा जिले में बाजारों, धार्मिक स्थलों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों से गुम हुए बच्चों एवं व्यक्तियों की तलाश में पुलिस निरंतर संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

1 जनवरी 2025 से अब तक जिले में 341 से अधिक गुम/अपहत बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया जा चुका है, जो अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसी क्रम में थाना सिरोंज पुलिस द्वारा नवंबर माह में गुम हुई 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। दिनांक




16.11.2025 को शिकायतकर्ता द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कस्टम पथ, सिरोंज से बहला - फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना सिरोंज में दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 654/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने सतत प्रयास कर दिनांक 23.11.2025 को बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। इस कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सिरोंज सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन मेंकृ निरीक्षक विमलेश राय, उप निरीक्षक आर. के. दोहरे, आरक्षक शशांक पाठक, आरक्षक मनीष, आरक्षक विष्णु तोमर एवं महिला आरक्षक यशवंती की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने बालिका की खोज में त्वरित एवं तत्पर कार्रवाई की। विदिशा पुलिस "ऑपरेशन मुस्कान" के माध्यम से हर गुमशुदा बच्चे को सुरक्षित घर पहुँचाने के अपने संकल्प पर पूरी निष्ठा से कार्यरत है।

## हिमांशी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने जालंधर रवाना



**सिरोंज** । ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में आठवीं नेशनल कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 का आयोजन पंजाब राज्य के जालंधर शहर में किया जा रहा है जिसमें भारत के सभी राज्यों की ताइक्वांडो टीम में भाग लेंगे जिसमें मध्य प्रदेश की टीम में शामिल हिमांशी प्रजापति पुत्री श्री घनश्याम जी प्रजापति वजन वर्ग अंडर 51 किलोग्राम में मध्य प्रदेश की टीम से खेलते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। हिमांशी पहली बार किसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। पिछले माह ग्वालियर में आयोजित आठवीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हिमांशी ने मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाई थी। आज गंजबासोदा से मालवा एक्सप्रेस से मध्य प्रदेश टीम में शामिल होकर जालंधर के लिए रवाना हुई। हिमांशी आदर्श ताइक्वांडो क्लब की नियमित खिलाड़ी है, उनसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की उम्मीद लगाई जा रही है। सिरोंज वीडियो ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हिमांशी को शुभकामनाएं प्रेषित की है उक्त जानकारी आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

## नगर पालिका के शादी हॉल में आयोजित आंखों के कैंप में 80 मरीजों का नि:शुल्क जांच तथा फ्री दवाईयां भी वितरण की गई



**सिरोंज** । स्थानीय पार्षद अजमल शेर खान की ओर से नगर पालिका शादी हाल मोहल्ला तलैया में आंखों के कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में भोपाल के आंखों के डॉक्टरों ने नगर के मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया और आंखों से संबंधित जांच निशुल्क की। कैंप में लगभग 80 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया और निशुल्क आंखों की जांच का लाभ उठाया। इस मौके पर आंखों से संबंधित दवाइयां भी गरीब मरीजों को निशुल्क बांटी गई। भोपाल से आए हुए डॉक्टर ने आंखों के मरीजों को आंखों से संबंधित सावधानियां और उसके उपचार के बारे में विस्तार से बताया। इस कैंप में अनेक समाजसेवियों ने सहयोग किया, जिसमें साबिर गोरी ओवैस खान आदि प्रमुख हैं।

## मुनि श्री 108 विश्व मित्र सागरजी महाराज का मंगल प्रवेश



**सिरोंज**। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विराग़ सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 विश्व मित्र सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश आज प्रातः 9 बजे पंचकुइया पुल से भव्य आगवानी श्री 1008 दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में पूज्य मुनि श्री की आगवानी हुई। उसके पश्चात मंगलाचरण हुआ एवं पूज्य गुरुदेव के प्रवचन हुए उसके पश्चात आचार्य हुई आचार्य का सौभाग्य श्री रमेश चंद जी श्रीमती मुन्नीबाई गुलाबगंज परिवार को प्राप्त हुआ पूज्य गुरुदेव का मंगल विहार बीना रोड पर हुआ रात्रि विश्राम ग्राम संभवत शाहपुर में होगा सभी समाज जन पहुंचकर सभी कार्यक्रमों में पुण्य लाभ अर्जित किया ।

**जनसुनवाई में हुई 156 आवेदनों पर कार्रवाई:** सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 149 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अविनाश रावत संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा एसडीएम एवं सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में महिलाओं ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गोहरगंज तहसील में 6 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ हुई शर्मनाक घटना दरिंदगी से पुरूष ही नहीं महिलाएं भी आहत और आक्रोशित बनी हुई है। मंगलवार को श्री शिव महिला मंडल एवं मातृशक्ति समिति से जुड़ी सैकड़ो महिलाओं द्वारा विरोध रैली निकाल कर मुख्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सोपा गया।

नगर की किनगी रोड स्थित हनुमान मंदिर पर सैकड़ो महिला एकत्रित हुई नगर के मुख्य मार्ग पर आरोपी सलमान को गिरफ्तार करने फांसी की सजा देने की मांग नारे लगाते हुए एसडीएम तहसील कार्यालय पहुंची।

जहां महिलाओं की सभा हुई महिला वक्ताओं ने बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म करने की शर्मसार कर देने वाली घटना के आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिए जाने के साथ नगर में भी कोचिंग सेंटरों के आसपास पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की। नगर में यह पहला अवसर था जब किसी घटना के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त करने नगर में निवास करने वाली घरेलू महिलाएं सडक़ों पर पैदल मार्च करते हुए ज्ञापन देने पहुंची।



**रैली में सैकड़ों महिलाएं हुईं शामिल**

*ज्ञापन सौंपते समय शिव महिला मंडल की संरक्षक पुनीता बिदुआ, अध्यक्ष शीला राय, कृष्णा मेहरा, जानकी पटेल, सुमन बाई , ललिता धाकड़, मुन्नी बाई, पार्वती राजपूत ,कविता रघुवंशी, नीता धाकड़, पूर्व पार्षद अनीता धाकड़, अनीता चौधरी, मधु सक्सेना, राजौरे मैडम, सीमा तिवारी, संध्या धाकड़, खुशबू अग्रवाल, प्रीति रूसिया, रानू धाकड़, गंगाबाई धाकड़, गुडिय़ा ठाकुर सहित सैकड़ो महिलाओं की उपस्थिति रही।*

# बादलों के साथ कोहरा और पराली के धुंए का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

15-20 दिनों तक संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र कड़ाके की सर्दी में कांपता रहा पिछले दो दिनों से आसमान में घने बादल छा जाने से दिन और रात का तापमान बढ़ गया है। जिस प्रकार मौसम का मिजाज बदल रहा है उसके असर से लोग बीमार हो रहे हैं।

विवाहों का सीजन शुरू हो गया है। खान-पान में जरा सी असावधानी से और बदले मौसम से लोग सर्दी, जुखाम, बुखार, बदन दर्द से पीड़ित हो रहे है। 2 दिन से आसमान में दिन-रात बादलों का डेरा बना हुआ है।सूरज



की किरणों की गर्मी गायब बनी हुई है। आसमान में घने बादल बने रहने से ठंड में कमी और तापमान बढ़ गया है पूरे शरीर को कंपा देने वाली ठंड से कुछ राहत मिल गई है। आसमान में घने बादल बने रहने के साथ रात एवं सुबह -सुबह घना कोहरा भी छा रहा है।

इसी के साथ किसानों द्वारा पराली जलाए जाने से निकलने वाला काला धुआं ग्रामीण नागरिकों और वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी का कारण बन रहा है। पराली का धुआं और कोहरे के कारण लोग सांस लेने में परेशानी आंखों में जलन गले में खराश आने से पीड़ित और परेशान हो रहे हैं।

## जिला शहर कांग्रेस ने की डॉ गौर डॉ अंबेडकर प्रतिमाओं की साफ-सफाई

**सागर**। डॉ. सर हरि सिंह गौर व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की साफ सफाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव की अगुवाई में की गई व दोनों महा मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। 26 नवंबर को डॉ. गौर जन्म जयंती शहर में हर्षोल्लास से व इसी दिन संविधान दिवस के रूप में अंबेडकर जी को भी पुष्पांजलि की जाती है यह दोनों आयोजन देश प्रदेश व शहर में बड़े धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन पर्वों को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने तीन बत्ती स्थित गौर मूर्ति व भगवानगंज स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाओं पर पहुंचकर साफ सफाई की।

# हैंडबॉल की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रजत पदक प्राप्त किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

धार में हुई 69 वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में नगर की पीएमश्री माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीत कर रायसेन जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान भोपाल संभाग की टीम मैं बरेली के छात्र खिलाडिय़ों का दमदार और शानदार प्रदर्शन रहा।टीम को दूसरा स्थान दिलाने में बरेली के खिलाडिय़ों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में पीएम श्री माध्यमिक शाला की गौरी लोधी, पूर्वान्ची धाकड़, विवेक धानुका, दक्षेस डागोर, आयुष डागोर, मोहित मांझी के शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में दूसरा स्थान रजत पदक मिलने पर प्राचार्य एनपी धाकड़, शिक्षक ओपी धाकड़ अनिल माहेश्वरी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, उमेश सोनी, मीनू राजपूत, शिखा शिल्पी, रजनी पटवा, नीता सराठे, सुषमा राजौरीया, रमा चौहान, रिजवाना बानो, कोच राजेश ठाकुर ने बधाई शुभकामनाएं दी। नगर के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं में भारी हर्ष उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Jana Small Finance Bank Ltd- भोपाल कार्यालय–प्लाट नं. 131/1, भूतल एम. पी. नगर, जोन–2, भोपाल–462011 (म.प्र.) द्वारा श्रीमती प्रेमबाई कुशवाह पत्नी श्री इमरत सिंह कुशवाह की सम्पत्ति प्लाट, क्षेत्रफल 570 वर्गफिट, जो कि भूमि खसरा नं. 453/4/1/1/1/1/1 रकबा 2.1768 हेक्टेयर का भाग है तथा जो कि शेरपुरा मुनजप्ता, प.ह.नं. 61, नया 03, सम्राट अशोक वार्ड के पीछे, हलाली कॉलोनी के पीछे, वार्ड नं. 34, सम्पदा मैपिंग अनुसार वार्ड नं.35, तहसील एवं जिला विदिशा (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमायें पूर्व में–कन्हैयालाल की भूमि, पश्चिम में–20 फिट चौड़ा रोड, उत्तर में –रायकवार जी का प्लाट, दक्षिण में–पोथीराम जी का प्लाट है को सम्यक् बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति संबंधी पूर्व स्वामी श्री शिवराज अहिरवार के नाम का चैन डाक्यूमेण्ट मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई पंजीयन नं.MP452732018A1716919 दिनांक 25.10.2018 कहीं गुम हो गया है, यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना–देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी** अधिवक्ता
फ्लैट नं. सी-106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक,
चिनार रिट्रीट, जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स
भोपाल-मोबा- 9827223510, 7987467025

### विरोध में बंद रहा नगर, गांधी चबूतरा से रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

# मासूम से दरिंदगी, उपजा जनाक्रोश, मृत्युदंड की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गोहरगंज तहसील के ग्राम में 6 वर्ष की मासूम बच्ची को दरिंदगी का शिकार बनाने की शर्मनाक घटना से नगर एवं क्षेत्र में भारी आक्रोश बना हुआ है। बड़ा बाजार गांधी चबूतरा पर हजारों लोग एकत्रित हुए हनुमान चालीसा पाठ के बाद हाथों में तख्ती बैनर और आरोपी सलमान को गिरफ्तार करने फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रकरण चलाकर फांसी की सजा देने सहित 8 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम संतोष मुद्गल को सौंपा। सुबह से ही नगर की दुकानें बंद रही लोग चाय पान सब्जी इत्यादि के लिए परेशान होते रहे।




### आठ मांग, सौंपा ज्ञापन

नगर के गांधी चबूतरा पर एकत्रित हुए हजारों लोगों ने पहले सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया और उसके बाद ज्ञापन का वाचन किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बबेले व्यापारी संघ अध्यक्ष अरविंद मालवीय इत्यादि के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली प्रारंभ हुई। प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर एसडीएम कार्यालय पहुंची। यहां 8 मांगो वाले ज्ञापन का वचन हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष दिनेश बबेले ने किया और एसडीएम मुद्गल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोपी सलमान की गिरफ्तारी फांसी की सजा के साथ नगर में भी पुलिस गस्त बढ़ाने, कोचिंग सेंटरों के आसपास असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई मादक पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग की। जन आक्रोश रैली एवं ज्ञापन सौंपते समय धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, भारी संख्या में युवाओं, व्यापारियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, पार्षदों, पत्रकारों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### दुकानें रही बंद

*एक दिन पूर्व सोमवार को भी बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले सलमान को गिरफ्तार करने विभिन्न संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था। मंगलवार को हिंदू उत्सव समिति नगर व्यापारी संघ एवं अन्य संगठनों के आव्हान पर सुबह से ही नगर की सभी दुकानें बंद रही। घटना को लेकर इतना आक्रोश बना हुआ है कि छोटे-छोटे चाय पान सब्जी बेचने वाले दुकानदारों ने भी अपना कारोबार पूरी तरह बंद रख कर आक्रोश जताया।*

**आवश्यकता है**

**मिजार्पुर विदिशा स्थित पेट्रोल पंप पर स्टाफ की**

**पद उपलब्ध:** ▸ **मैनेजर** ▸ **नोजल बॉय** (Nozzle Boy)

**योग्यता**
⇨ जिम्मेदार और मेहनती उम्मीदवार
⇨ अनुभव हो तो प्राथमिकता दी जाएगी
⇨ टीम के साथ काम करने की क्षमता

कार्य स्थल: IOCL पेट्रोल पंप मिजार्पुर विदिशा

**संपर्क करें: 6261540588, 7693046574**


**रुचि रखने वाले उम्मीदवार जल्द संपर्क करें।**

## घटना को लेकर मुख्यमंत्री हुए सख्त, एसपी को पीएचक्यू किया अटैच

# पांच दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ, जिलेभर में विरोध प्रदर्शन कर फूंका आरोपी का पुतला




- दरिंदगी के विरोध में कांग्रेसियों ने ज्ञापन देकर कहा, भाजपा की सरकार में बेटियां नहीं सुरक्षित
- आज भोजपुर विधायक पटवा अपने समर्थकों ने साथ एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन
- गैरतगंज में स्कूली विद्यार्थियों ने जमकर जताया विरोध, आरोपी का जलाया पुतला







## कांग्रेस ने रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील गौहरगंज के पांजरा गांव में हुई मासूम के साथ अमानवीय घटना को के विरोध में एवं आरोपी सलमान को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेसियों द्वारा रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में एसडीएम मनीष शर्मा को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन राज्यपाल के नाम पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को दिया गया।

ज्ञापन में कांग्रेसियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि घटना के 5 दिन बाद भी गौ हरगंज पुलिस खाली हाथ है। अगर इस मामले में जल्दी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो



कांग्रेसी सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। भाजपा के शासनकाल में महिला और बेटियों की अस्मत सुरक्षित नहीं है। प्रदेश दुराचार और गुंडागर्दी के मामले में नंबर एक बन चुका है। प्रदेश की डॉ मोहन सरकार इस अमानवीय घटना घटित होने के बाद भी सबकुछ तमाशा देख रही है। अभी तक उस दरिंदों को गिरफ्तार कर पुलिस कड़ी कानूनी कार्रवाई को अंजाम नहीं दे सकी।


ज्ञापन सौंपने वालों में महिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रतिभा विक्टर, पूर्व जिला कांग्रेस महामंत्री राजू महेश्वरी, कामता प्रसाद राजोरिया, प्रेम नारायण मीणा, जावेद कदीर, श्रीप्रकाश पटेल, डग्गा पहलवान, असलम खान, कमलेश कम्मू सेन, राजकुमार सेन, हसीन अली, प्रमोद साहू दौलत सेन एडवोकेट, संजीव मनोज शर्मा, हसीब हिन्दुस्तानी, रमाकांत मीणा, संजय विश्वकर्मा, इकबाल भाई, जावेद अहमद खान, मजहर कबीर, मलखान रावत, अकील इंडियन, रविन्द्र लाला, छोटू राय आदि शामिल रहे।

### इनका कहना है

आरोपी के सुराग में जल्द सफलता मिलेगी आरोपी का सुराग लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों की टीम में जुटी हुई है। जल्द ही सुराग लगाने आरोपी को पकड़ने में सफलता मिलेगी। आरोपी का सुराग देने वाले को ईनाम की राशि बढ़ाकर 30 हजार रूपए की घोषणा कर दी है।

- कमलेश कुमार खरपुसे, एएसपी रायसेन।

## विधायक पटवा आज गौहरगंज एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन



**विधायक पटवा ने कहा 6 वर्षीय मासूम के साथ हुई अमानवीय व हृदय विदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है।**

**रायसेन/ओबेदुल्लागंज।** घटना के विरोध में भोजपुर के भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा ने अपने समर्थकों पार्टी कार्यकर्ताओ से बुधवार को 11 बजे गौहरगंज चलो का आव्हान किया है। विधायक पटवा ने कहा गौहरगंज की 6 वर्षीय मासूम के साथ हुई अमानवीय एवं हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह केवल एक परिवार का दर्द नहीं, हम सभी की सामूहिक पीड़ा है। श्री पटवा ने कहा कि ऐसे कठिन समय में इस मासूम और उसके परिवार को यह एहसास दिलाना हमारा कर्तव्य है कि वे अकेले नहीं हैं।

## बेगमगंज में हुआ मासूम के दुष्कर्मी के एनकाउंटर को लेकर प्रदर्शन, आरोपी सलमान का पुतला फूंका

**रायसेन/बेगमगंज।** गौहरगंज क्षेत्र की 6 वर्षीय मासूम के साथ हुए दुष्कर्मी की घटना की अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने पर बेगमगंज में भी विरोध प्रदर्शन होने लगे हैं। बस स्टैंड बेगमगंज पर अ.भा. विद्यार्थी परिषद के बैनर तले सैकड़ो आक्रोशित विद्यार्थियों एवं आम लोगों ने विरोध प्रदर्शन करके पुतला दहन किया।

आंदोलनकारियों की मांग थी कि आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उसका एनकाउंटर किया जाए। या फिर सार्वजनिक तौर पर फांसी की सजा दी जाए, ताकि पीड़ित मासूम को इंसाफ मिल सके। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर आरोपी दरिंदे सलमान का पुतला जलाया गया।

इस दौरान जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी और बस स्टैंड चौराहे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। आक्रोशित विद्यार्थियों की ज्ञापन में प्रबल मांग रही है कि जेहादी सलमान की गिरफ्तारी जल्दी करके उसका एनकाउंटर किया जाए। कोर्ट कचहरी के चक्कर में कभी-कभी आरोपी बच निकलते हैं, जिससे ऐसे दरिंदों के हौसले बुलन्द होते हैं।

## सुल्तानपुरः बगासपुर में ग्रामीणों ने किया सड़क पर चक्काजाम

**रायसेन।** सुल्तानपुर के समीप बगासपुर में भी गौहरगंज में मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना के चौथे दिन भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर जन आक्रोश देखने को मिला। यह विरोध धीरे धीरे अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया है। नेशनल हाईवे किनारे 45 स्थित बगासपुर गांव में युवाओं ने दुकानें बंद का आह्वान किया। जिसके चलते विरोध प्रदर्शन की वजह से हाईवे पर एक घंटे से अधिक समय तक लंबा जाम लगा रहा। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण भी बाजार बंद में शामिल हो गए। पहली बार हुई इस जघन्य वारदात ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है।

## गैरतगंजः विरोध में निकाली रैली

## बाजार रहा बंद, रैली के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रायसेन/गैरतगंज।** गौहरगंज में मासूम के साथ हुई दरिंदगी को लेकर गैरतगंज में भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मंगलवार को सकल हिंदूवादी संगठन, सकल दिगंबर जैन समाज और अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज, अखिल भारतीय संत समाज समिति के महामंडलेश्वर बाबा महाकाल, किन्नर समाज के नायक करीना, ऐतेशाम बेग, अब्दुल रकीब अंसारी सहित समस्त व्यापारी संगठनों द्वारा बाजार बंद रखा। चाय-पान, नाश्ते से लेकर फल-सब्जी, दूध, डेयरी भी बंद रही। जिससे लोग चाय पान के लिए तरस गए। दोपहर में स्कूली बच्चों, व्यापारियों और सभी समाज के लोग एकत्रित हुए और रैली के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम सरोज अग्निवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाही की मांग। इस अमानवीय घटना को लेकर गैरतगंज सहित क्षेत्रभर में जनआक्रोश देखने को मिला। वहीं आरोपी के पुतले को बस स्टैंड परिसर में नारेबाजी करते हुए आग के हवाले किया।

## औद्योगिक अपशिष्ट की जांच करेगा दल

## बेतवा नदी में प्रदूषण फैलने की जांच के लिए बनाई जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के निर्देशों के अनुसार मीडिया से संज्ञान में आए तथ्य के तहत मंडीदीप की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों द्वारा बिना शोधन का औद्योगिक अपशिष्ट जल समीपवर्ती नालों में छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण बेतवा नदी में प्रदूषण फैल रहा है। क्षेत्र में सतही एवं भूमिगत जल गुणवत्ता तथा कृषि गतिविधियां प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रही हैं।

इन परिस्थितियों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए इस तथ्य पर तत्काल जांच की जाना आवश्यक हो जाने से अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय द्वारा जांच के लिए संयुक्त




जांच दल गठित किया है। जिसमें एसडीएम गौहरगंज चंद्रशेखर श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडीदीप डॉ केएन कटारे तथा सीएमओ डॉ प्रशांत जैन को शामिल किया है।

यह संयुक्त जांच टीम जिले के मंडीदीप क्षेत्र में प्रवाहित बेतवा नदी एवं उसके आसपास हो रहे औद्योगिक अपशिष्टों से प्रदूषण की जांच तय बिन्दुओं पर कर प्रतिवेदन 10 दिन में प्रस्तुत करेगी।

## आईएसबीएस रजत जयंती के समापन कार्यक्रम में वेनेगला थेरो बोले -

## भारत में रहकर उन्होंने अनेकता में एकता को सीखा है और जिया

**धर्म से कोई स्कूल नहीं होना चाहिए, बल्कि स्कूल ऐसे हों जिसमें सभी धर्मों के बच्चें पढ़ें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सलामतपुर

**आयोजन के विभिन्न सत्रों में बौद्ध धर्म-दर्शन से संबंधित 80 से अधिक शोधपत्र पढ़े गए**

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज के रजत जयंती समारोह का मंगलवार को समापन हो गया। तीन दिन चले इस आयोजन के विभिन्न सत्रों में बौद्ध धर्म-दर्शन से संबंधित 80 से अधिक शोधपत्र पढ़े गए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर महाबोधि सोसायटी ऑफ श्रीलंका के पूर्व अध्यक्ष वेनेगला उपतिस्स नायका थेरो रहे। वेनेगला उपतिस्स नायका थेरो के हिंदी में हृदय से व्यक्त किए उद्गारों की पूरे मंच और दर्शकों-




श्रोताओं ने सराहना की।

उन्होंने कहा कि सांची ने मुझे गर्व दिया है। वो सांची के स्कूल में पढ़े बाद में सारनाथ और वाराणसी में उन्होंने बौद्ध अध्ययन से संबंधित अपनी उच्च शिक्षा बीएचयू में हासिल की। भारत में रहकर उन्होंने अनेकता में एकता को जीया है, सीखा है। उन्होंने कहा कि बनारस हिंदु विश्वविद्यालय में उनके दोस्त सभी धर्मों के लोग थे। मैंने बुद्ध की शिक्षाओं के माध्यम से भारत में ही सीखा कि हम सब इंसान हैं।

उन्होंने कि वो सांची यूनिवर्सिटी को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और इसके लिए उन्होंने एक पत्र भी लिखा है।

उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का कोई स्कूल नहीं होना चाहिए बल्कि स्कूल ऐसे होने चाहिए जिसमें सभी धर्मों के लोग मिलकर पढ़ें ताकि अपनी संस्कृतियां साझा कर सकें।

## बच्चों को मिलेगी अब बेहतर सुविधा

## पंचायत सेमरा में 11 लाख से बन रहा नया आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेमरा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। नए भवन के तैयार होने से ग्रामीण इलाकों के बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अब तक आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 स्कूल में लगती आ रही है।

नया भवन अधिक विस्तृत और व्यवस्थित होगा, जिसमें बच्चों के लिए पढ़ाई, खेलकूद और पोषण वितरण की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। साथ ही गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए स्वास्थ्य परामर्श और पोषण संबंधी सेवाओं



को भी मजबूत किया जाएगा।

ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बनने से बच्चों की शुरुआती शिक्षा और पोषण स्तर में सुधार होगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा है, ताकि जल्द ही इसका लाभ मिल सके। पहले आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक स्कूल में संचालित होता था, नया भवन बनने से सुविधा मिलने लगेगी।

## कल्पद्रुम महा मंडल विधान के तीसरे दिन दिखा अद्भुत उत्साह

# जैन समाज ने निकाली भव्य चक्रवर्ती दिग्विजय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अखंड दिगंबर जैन समाज द्वारा नगर में आयोजित किए जा रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान के तीसरे दिन मंगलवार को नगरवासियों ने अद्भुत धार्मिक दृश्य का साक्षात्कार किया। दिगंबर जैन त्रिमूर्ति मंदिर से प्रारंभ हुई चक्रवर्ती दिग्विजय यात्रा ने पूरे नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनुपम माहौल निर्मित कर दिया। सुबह से ही श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ मंदिर परिसर में जुटने लगे, जहां से यह अलौकिक यात्रा आरंभ हुई।

यात्रा प्रारंभ होकर बजरंग चौराहा, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड, अंबेडकर वार्ड, बुधवारा बाजार, आजाद मार्केट होती हुई प्रारंभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गई। यात्रा में विशेष रूप से सजाई 15 बग्गियों के साथ विभिन्न वाहन शामिल किए गए, जिन पर विधान के सभी महापात्र अत्यंत आकर्षक वेशभूषा में विराजमान थे। मार्ग भर लोगों की भीड़ महापात्रों और दृश्यावलियों के दर्शन




करती रही।

यात्रा के प्रारंभ होते ही नगर के प्रमुख मार्ग धार्मिक स्वर-लहरियों और भक्ति की गूंज से भर उठे। सुसज्जित बग्गियों और आकर्षक वाहनों पर विधान के सभी महापात्र विराजमान थे। इन महापात्रों द्वारा पूरे मार्ग में रत्न वर्षा की जाती रही, जिसे देखने के लिए स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु सड़क किनारे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रत्न वर्षा की यह परंपरा यात्रा का मुख्य केंद्र रही जिसने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी का मन मोह लिया। यहां पर 1 गजराज व 4 अश्व भी शामिल किए गए। हाथी पर विधान के पात्र सवार थे जबकि 2 अश्व करतब दिखा रहे थे जबकि 2 अन्य अश्व पर धर्म ध्वजा लिए बालक सवार थे।

### यात्रा में हुई रत्न वर्षा

यात्रा के दौरान सबसे विशेष आकर्षण रहा रत्न वर्षा का दिव्य दृश्य। महापात्रों द्वारा चलते-चलते मार्ग में रत्न वर्षा की जाती रही, जिसे देखकर लोग आश्चर्य और श्रद्धा से भर उठे। जैन परंपरा में चक्रवर्ती दिग्विजय यात्रा उस समय निकाली जाती है जब किसी धार्मिक कार्यक्रम में चक्रवर्ती भगवान या महापात्रों के स्वरूप को प्रतिष्ठित किया जाता है। चक्रवर्ती राजा को जैन धर्म में छह खण्डों का सम्राट माना जाता है, जिसके पास नव-निधि, रत्न और अनंत वैभव होते हैं। चक्रवर्ती यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा आरती उतारी गई तथा श्रीफल अर्पित किए जाते रहें।

यात्रा के साथ डीजे बाजे-बैंड, ढोल, नगाड़े और शहनाई की ध्वनियां जुड़ी रहीं। इन वाद्ययंत्रों ने धार्मिक यात्रा में उत्साह और भव्यता का समावेश किया। नगर के चौराहों और मुख्य मार्गों पर बनाए आकर्षक स्वागत द्वारों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

# दो दिन से आसमान में बादलों का डेरा, तापमान गिरने से बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मंगलवार को पूरे दिन आसमान बादलों से घिरा रहा, जिसके कारण धूप नजर नहीं आई। सूरज की किरणें न आने से ठंड का एहसास और बढ़ गया। सुबह से ही हल्की ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम में अचानक आई इस ठंडक से जनजीवन पर असर दिखाई दिया और लोग आवश्यक कामों से ही घरों से बाहर निकले। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से सूरज की लुका-छुपी जारी है।

आसमान में बादलों की आवाजाही के कारण धूप न निकलने से ठंड में बढ़ोतरी महसूस की जा रही है। सुबह और शाम के समय शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे जनजीवन प्रभावित



हो रहा है। लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेने पर मजबूर हैं।

सुबह से ही आसमान में बादलों की घनी परत छाई रहने के कारण धूप नहीं निकल सकी, जिससे तापमान में गिरावट आ गई। ठंडी हवाओं ने लोगों को कंपकंपी पर मजबूर कर दिया।

बढ़ती ठंड के चलते लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेने पर विवश हैं, जबकि बच्चों और बुजुर्गों में ठंड का असर ज्यादा देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाए रहने का सिलसिला अभी जारी रह सकता है, जिससे ठंड में और इजाफा होने की संभावना है।